St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text: (2nd Term) **(Answer Worksheet -11)** **Date: 31.08.2020**
Topic: कहानी लेखन **Class -4**

नीचे दिए संकेतों के आधार पर एक कहानी लिखो।

1 बैल को ,2 घमंड था , 3 अपना रौब , 4 नटखट चूहे ने , 5 बैल को सोते , 6 एक शरारत , 7 नाक पर , 8 दर्द से , 9 इधर - उधर देखा , 10 तभी उसकी नज़र , 11 क्रोध आया , 12 सींगों से , 13 नहीं टूटी , 14 परेशान होकर , 15 शिक्षा

एक बैल को अपनी ताकत पर बहुत घमंड था। वह सभी जानवरों पर अपना रौब दिखाता था। एक नटखट चूहे ने उसे सबक सिखाने की सोची। एक दिन उसने बैल को सोते हुए देखा। उसे एक शरारत सूझी। उसने बैल की नाक पर काट लिया। बैल दर्द से तड़पने लगा। उसने इधर - उधर देखा , पर उसे कोई दिखाई नहीं दिया। अभी उसकी नज़र बिल से बाहर देखते एक चूहे पर पड़ी। उसे बहुत क्रोध आया। वह अपने सींगो से दीवार तोड़ने लगा। पर दीवार नहीं टूटी। परेशान होकर वह वहां से चला गया। चूहा बहुत खुश हुआ।

इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि बुद्धि से शक्तिशाली को जीता जा सकता है।

Poonam Mehra